Question Paper (SET-9)
Subject: Hindi
Grade: 8
Question Code: Hindi8_58D_4,13,39,40,41,42,43,44,45
Topic: व्याकरण

❖ **निम्न प्रश्नों का निर्देशनुसार उत्तर दें :**

4 'आसमान से बातें करना' का अर्थ है–

A. बहुत अधिक प्रयत्न करना
B. बहुत शोर करना
C. बहुत कल्पना करना
D. बहुत ऊँचा होना

13 'शब्द रचना के चार साधन होते हैं।' 'स्वतंत्र' शब्द में 'स्व' शब्द रचना का कौन सा साधन है?

A. प्रत्यय
B. उपसर्ग
C. संधि
D. समास

39 अशोक को हल्दी लगने वाली है, यह सुनकर उसके दोस्त नाचने लगे। इस वाक्य में 'हल्दी लगना' एक मुहावरा है, इसका सही अर्थ क्या होगा?

A. सुंदर बन जाना
B. विवाह होना
C. पीला रंग लगना
D. खुश हो जाना

---

40 '..... का अंधा नाम नयनसुख' इस मुहावरे का पहला शब्द क्या है?

A. नयन
B. आँख
C. अक्ल
D. रात

41 'हे नाविक! क्या तुम अपनी इस ______ से हमें यह सरयू नदी पार करवा दोगे?' राम ने कहा। रिक्त स्थान पर आने वाला सही शब्द चुनें।

A. तरणी
B. तरणि
C. तरूणी
D. तारिणी

42 'निखिल कल आएगा।' वाक्य को संदेह वाचक बनाने के लिए किस शब्द का प्रयोग उचित होगा?

A. वहाँ
B. अवश्य
C. संभवतः
D. चाहिए

---

43 'जन्मांध' में किस कारक–विभक्ति का लोप है?

A. का
B. से
C. के
D. ना

---

44 उद्देश्य और विधेय के योग से ही वाक्य की संरचना पूरी होती है तथा किसी भाव व विचार को व्यक्त कर पाती है। नीचे दी गई तालिका में उद्देश्य और विधेय दोनों ही दिए गए हैं, इनका क्रम ऊपर नीचे हो गया है, परन्तु एक वाक्य सही बन रहा है उसे पहचानिए–

	उद्देश्य	विधेय
A.	छात्रावास में रहने वाले बालक	लकड़ियाँ काट रहा है।
B.	रवि	खाना खाती है।
C.	मजदूरों ने	मुंडेर पर ईंटें रखीं।
D.	अर्पिता	एक कथा पढ़ रहे हैं।

45

इस वार्तालाप में मुन्नू मम्मी से क्या कहेगा कि उसका कथन हमें तर्कपूर्ण लगे और हँसा भी दे...

A. इससे मुझे गहरी नींद आएगी।
B. भूख लगने पर मैं इसे खा सकूँ।
C. ताकि रात को मीठे सपने आएँ।
D. ताकि मुझे कभी भी डर न लगे।

Correct Answer :(Option - A, B, C, D)

4. D बहुत ऊंचा होना

13. B उपसर्ग

39. B विवाह होना

40. B आँख

41. A तरणी

42. C संभवत:

43. B से

44. C मज़दूरों ने मुँडेर पर ईंटें रखी

45. C ताकि रात को मीठे सपने आए